छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा सप्तदश सत्र अंक-01

<u>रायपुर, मंगलवार, दिनांक 11 सितम्बर, 2018</u>

(भाद्रपद 20, शक संवत् 1940)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.02 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने राज्यपाल, छत्तीसगढ़ श्री बलरामजी दास टंडन, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री डॉ. रामचन्द्र सिंहदेव के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री, श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष, श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री, श्री भूपेश बघेल, सदस्य, श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री, श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री, श्री केशव चंद्रा एवं डॉ. विमल चोपड़ा, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही अपराह्न 12.26 बजे बुधवार, दिनांक 12 सितम्बर, 2018 (भाद्रपद-21, शक संवत् 1940) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े

सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा